आज होगा इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगा कॉन्क्लेव

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 11 मई. मप्र ने उद्योग, अधोसंरचना, नीति सुधार, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेंट और निवेश सुविधा के क्षेत्र में जिस तेज गति से कार्य किया है, उसने दुनिया की बड़ी कंपनियों का ध्यान राज्य की ओर आकर्षित किया है.

फ्रांस की प्रतिष्ठित कंपनियों और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भोपाल में मौजूदगी इसी बढ़ते विश्वास का संकेत मानी जा रही है.

भोपाल में 12 मई को होने जा रहे इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव ऐसे समय में हो रहा है, जब मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश मानचित्र पर लगातार मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है.

कुशाभाऊ अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में यह आयोजन केवल एक निवेश बैठक नहीं, बल्कि उस बदलती औद्योगिक सोच और वैश्विक संवाद का विस्तार है. इसमें मध्यप्रदेश अब निवेश प्राप्त करने वाले राज्य की भूमिका से आगे बढ़कर अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक साझेदारियों का सक्रिय केंद्र बन रहा है. इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और मप्र शासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में फ्रांस के राजदूत, फ्रांसीसी उद्योग जगत के प्रतिनिधि, वैश्विक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, मप्र शासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और प्रदेश के उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे. कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश और फ्रांस के बीच दीर्घकालिक औद्योगिक, तकनीकी और संस्थागत साझेदारी होगी. इससे राज्य सरकार फ्रांसीसी कंपनियों को मप्र के औद्योगिक वातावरण, निवेश संभावनाओं, नीति समर्थन और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक इको-सिस्टम से अवगत कराएगी. कार्यक्रम में एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल एवं ईवी, कंज्यूमर गुड्स एवं रिटेल, डिफेंस एवं एविएशन, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस, रिन्यूएबल एनर्जी, टेक्सटाइल, पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा.

> कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 12 मई को आयोजित होने वाले मुख्य सत्र में मप्र की औद्योगिक नीतियों, निवेश प्रोत्साहन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और निवेश सुविधा सिस्टम पर विस्तृत प्रस्तुति दी जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम के मुख्य सत्र को संबोधित करेंगे .प्रदेश के लगभग 60 से 80 उद्योग प्रतिनिधियों की भागीदारी भी कार्यक्रम में प्रस्तावित है. इनके और फ्रांसीसी कंपनियों के बीच बी-2-बी और बी-2-जी बैठकें आयोजित होंगी, जिनमें संभावित निवेश, संयुक्त उपक्रम, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा होगी.

फर्जी एससी प्रमाण पत्र के मामले में कार्रवाई की मांग

विशेष संवाददाता

भोपाल, 11 मई . मध्यप्रदेश में फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के मामलों को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं. पार्टी ने सतना जिले में कथित रूप से फर्जी एससी प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में तत्कालीन एसडीएम के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की है.

मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) और सामान्य प्रशासन विभाग को शिकायत सौंपकर पूर्व एसडीएम राजेश शाही के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वंदना बागरी के नाम से

जारी जाति प्रमाण पत्र वर्ष 2021 में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया था.

न्यायालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- मऊगंज (म.प्र.)

क्र./685/विशेष विवाह/2026 मऊगंज दिनांक 23/02/2026

// इश्तहार //

आवेदक संदीप तिवारी पिता स्व.श्री रामटहल तिवारी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम टिकुरी तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) एवं आवेदिका आरती देवी साकेत पिता श्री शिवकुमार साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम नाउन कला तहसील हनुमना जिला मऊगंज (म0प्र0) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आइडी की छायाप्रति एवं 100/- चालान के साथ शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक-09.06.2026

विवाह अधिकारी
जिला-मऊगंज (म.प्र.)

सफाई कर्मियों ने दी आज से काम बंद करने की चेतावनी

क्रमिक भूख हड़ताल और अनशन की तैयारी में कर्मचारी संगठन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सफाई व्यवस्था कल 12 मई से प्रभावित हो सकती है। अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन एवं अजाक्स नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काम बंद हड़ताल की चेतावनी दी है।

बताया गया कि 1 मई श्रमिक मजदूर दिवस के अवसर पर भारी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने रैली निकालकर नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट के सामने प्रदर्शन किया था तथा अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में प्रमुख रूप से 174 दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों के विनियमितीकरण एवं 70 विनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग उठाई गई थी। कर्मचारी संगठनों ने प्रशासन को 10 दिनों का समय देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि निर्धारित अवधि में समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो सभी कर्मचारी सामूहिक रूप से काम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष कमलेश भंडारी एवं कार्यवाहक अध्यक्ष छोटू ने बताया कि कई बार महापौर को मौखिक एवं लिखित रूप से कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने की स्थिति में सफाई कर्मचारी काम बंद हड़ताल के साथ क्रमिक भूख हड़ताल एवं अनशन के लिए भी बाध्य होंगे।

कचनी के पास बिजली पोल से टकराई 108 एम्बुलेंस

बड़ा हादसा टला, चालक का मोबाइल बंद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। देवसर के बरगवां क्षेत्र से मरीजो को घर पहुंचा कर वापस आ रही एक एम्बुलेंस 108 वाहन आज सोमवार की सुबह बैढ़न के कचनी मुख्य मार्ग बिजली के खम्भे से टकरा गई।

हालांकि इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई है, लेकिन चालक की लापरवाही बताई जा रही है, चालक को अचानक झपकी आ गई थी। जानकारी के अनुसार बीएलएस 108 एम्बुलेंस बरगवां क्रमांक सीजी 04 एमडब्ल्यू 1239 मरीजो को पायलट अजय बैस, ईएमटी अरविन्द बैस घर छोड़कर वापस सोमवार की अल सुबह बैढ़न

आ रहे थे कि अचानक को झपकी आ गई और सड़क किनारे बिजली के खम्भे से एम्बुलेंस वाहन टकरा गई। हालांकि गनिमत रही कि इसमें मरीज नही थे, केवल चालक और ईएमटी मौजूद रहे। घटना के बाद से पायलट एवं ईएमटी का मोबाइल बंद है।

सिंगरौली में भूमि अधिग्रहण को लेकर फिर गरमाई बहस

सिंगरौली 11 मई। कोयला परियोजनाओं और भूमि अधिग्रहण को लेकर चल रहा असंतोष अब केवल स्थानीय विरोध तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह जनअधिकार और प्रशासनिक जवाबदेही का बड़ा प्रश्न बनता जा रहा है। कांग्रेस के वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अभ्युदय सिंह ने एक बार फिर सार्वजनिक अपील जारी कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

डैनी द्वारा जारी संदेश में आरोप लगाया गया है कि एनसीएल के माध्यम से सिंगरौली में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान नियमों की अनदेखी, प्रभावित परिवारों की उपेक्षा और मनमाने निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने इप्सेडिसिटिस्म शब्द का प्रयोग करते हुए तंज कसा कि कई फैसले जो हम कहें वही सही वाली मानसिकता के साथ लागू किए जा रहे हैं, जबकि प्रभावित लोगों को प्रक्रिया में उचित भागीदारी तक नहीं दी जा रही।

नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम KM MADHURIMA मेरी मार्कशीट मे लिखा है। जबकी मेरा सही नाम MADHURIMA DWIVEDI है जो सभी दस्तावेज मे दर्ज है मै अब MADHURIMA DWIVEDI नाम से जानी पहचानी जाती हूं। आगे से मुझे समस्त दस्तावेजों MADHURIMA DWIVEDI के नाम से जाना जाए मेरा निवास का पता-NEAR KAMADGIRI COLONY WARD NO. 26 -GALI NO.10, RAJENDRANAGAR PO. SATNA. Distt SATNA (M.P.) है।

मकान में आग लगने से सम्पत्ति जल कर खाक

नवभारत न्यूज

सरई 11 मई। जिले के महुआगांव स्थित स्टेशन निवास रोड में बीती रात अचानक आग लगने से एक मकान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना में घर में रखा घरेलू सामान भी आग की चपेट में आ गया, जिससे पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार मकान मालिक मोतीलाल साकेत निरूल के घर में रात्रि के समय अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई,



लेकिन मकान की स्थिति पूरी तरह खराब हो चुकी है। भीषण गर्मी के बीच घर जल जाने से मोतीलाल साकेत का परिवार बेघर हो गया है। पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से जल्द राहत उपलब्ध कराने की अपील की है।

अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी सतना (म.प्र.)

क्रमांक 30/एईएस/2026-27 दिनांक 11.05.2026

निविदा सूचना

संस्था के द्वारा सी.एस.आर.मद से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में इनडोर स्पोर्टस हॉल का निर्माण कराया जाना है । उक्त कार्य हेतु बन्द लिफाफे में निविदा पंजीकृत ठेकेदार अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म कर सकती है । कार्य विवरण निम्नानुसार है ।

क्रं.	विवरण	तिथि एवं समय
1.	शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में इनडोर स्पोर्टस हॉल का निर्माण का कार्य ।	प्रथम तल मय विद्युतीकरण
2.	प्रथम तल एवं विद्युत कार्य की अनुमानित लागत	रु. 56,66,000/-
3.	निविदा प्रपत्र का मूल्य	10,000+18 प्रतिशत जी.एस.टी.
4.	कार्य पूर्ण करने का समय	06 माह वर्षाकाल सहित (कार्य आदेश जारी होने की तारीख से लागू होगा)
5.	कार्य निर्माण की शर्ते	निविदाकार को भवन निर्माण से संबंधित समस्त ड्राइंग एवं डिजाइन स्वयं इंजीनियरिंग कालेज से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत करना होगा ।
6.	निविदा खरीदने/धरोहर राशि/निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	निविदा प्रकाशन अवधि से सात कार्य दिवस तक होगी ।
7.	निविदा खोलने की तिथि	23.05.2026

निविदा सूचना के संबंध में विस्तृत जानकारी संस्था कार्यालय अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी, भरहुतनगर सतना में उपस्थित होकर प्रापत की जा सकती है । निविदा जमा करते समय आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटोकापी जमा करना अनिवार्य है ।

भवदीय
सचिव अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी,
भरहुतनगर सतना

पेज एक का शेष

सिंधिया के 'आर्थिक और ढांचागत मॉडल' की भूमिका

इसके तहत राज्य के ग्रामीण और जनजातीय बहुल इलाकों में शिक्षा और बुनियादी ढांचे के इस सीधे जुड़ाव ने ग्रामीण असम में भाजपा के पक्ष में एक मजबूत 'साइलेंट वोटर' वर्ग तैयार किया. इसके अलावा संचार मंत्री के हैसियत से सिंधिया की 'टेलीकॉम सैचुरेशन' नीति असम के ऊपरी और निचले हिस्सों के चाय बागानों तथा सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में गेमचेंजर साबित हुई. पूर्वोत्तर में हजारों टावरों के माध्यम से निर्बाध नेटवर्क पहुंचाना केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि इसने सरकारी योजनाओं के सीधे लाभ को पारदर्शी बनाया. भ्रष्टाचार पर इस डिजिटल प्रहार ने सरकार के प्रति जनता के विश्वास को और गहरा किया और साथ ही तीव्र प्रशासनिक निगरानी ने असम के शहरी और शिक्षित युवाओं की आकांक्षाओं को पंख दिए. जानकार बता रहे हैं कि सिंधिया के सार्थक प्रयास के कारण ही स्थानीय बांस शिल्पकारों, हैंडलूम बुनकरों और मूल्यवान अगरवुड के उत्पादकों को विश्वस्तरीय निर्यात पोर्टल्स से जोड़कर असमिया अस्मिता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को ताकत मिली. साथ ही इसने असमिया संस्कृति और स्थानीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक पहचान 'हाई-टेक असम' की छवि और गौरव को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के 'राष्ट्रवाद' के नैरेटिव से पूरी तरह जोड़ दिया. जिसके कारण भाजपाई रणनीतिकारों को बड़ी सफलता मिली.

प्रदेश में बंद आरटीओ के चेक पोस्ट पुनः प्रारंभ करने पर रोक

हाईकोर्ट के उक्त आदेश के खिलाफ ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कंग्रिडाइज्ड कंपनी व अन्य की तरफ से हाईकोर्ट में रिव्यू याचिका दायर की थी. याचिकाकर्ता की तरफ से पैरवी करते हुए अधिवक्ता राहुल दिवाकर ने हाईकोर्ट को बताया गया कि केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश में चेकपोस्ट बंद किये गये थे. देश में मध्य प्रदेश सहित सिर्फ 6 ऐसे राज्य है, जिसमें चेक पोसट संचालित हो रहे. केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार अन्य प्रदेश पहले ही चेक पोस्ट बंद कर दिये है.

कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म0प्र0

E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in

क्र0/ 335 / न0परि0 ई. टेन्ड/लोक0 नि0/2026 जैतहरी दिनांक 01/05/26

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

क्र.	ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर	कार्य का नाम	अनु.लागत (लाखरु.में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD _504575_1	Etablishment of recreational activities at different park and gardens in Jaithari	16,45,600/-	12,342/-	2000/-	03 माह
2	2026_UAD 504570_1	Finishing furnishing work of old building for multipurpose use at wardno 08	9,97,185/-	9971/-	2000/-	03 माह

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने का दिनांक 01/05/2026 रामय शाम 10.30 बजे से 02/06/2026 रागय शाम 17.30 तक क्रय की जा सकती है एवं सरल क्रमांक (2) 01/05/2026 समय शाम 10.30 बजे से 16/05/2026 समय शाम 17.30 तक क्रय की जा सकती है। 2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है। 3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है। 4. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म0प्र0 जैतहरी

कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना 2026-27

निविदा सूचना क्र / अग्निशमन / 2026-27/02 बुरहानपुर दिनांक : 11/05/2026

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

क्र.	टेंडर आई.डी.नं.	कार्य का नाम व सीन	कार्य की समयावधि एवं लागत रु. लाख में।	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2025_UAD_505723_1	Purchasing of 2 Fire Mini Water Tender as per attached estimate	3 माह 50 लाख	5000/- 37500/-	12/06/2026

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,बुरहानपुर

78 शीशी नशीली सिरप लेकर आए तीन तस्कर गिरफ्तार

रीवा, 11 मई, नशीली सिरप लेकर आए तीन तस्करों को रीवा जिले की गोविंदगढ़ पुलिस ने पकड़ा है. पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में नशीली कफ शिरफ का सप्लाई नेटवर्क पुलिस के सामने आया है जिस पर पुलिस इससे जुड़े अन्य तस्करों की तलाश कर रही है.

गोविन्दगढ़ थाने की पुलिस को सूचना मिली कि धुरेहटी अलोपन माता मंदिर के बगीचे में तीन तस्कर नशीली सिरप लेकर खड़े हुए है. जानकारी मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी और तीनों तस्करों को पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास बोरी में भरी 78 शीशी नशीली सिरप बरामद हुई जिसको वे बिक्री के लिए लेकर आए थे. आरोपियों को पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले आई. उनकी पहचान योगेश साकेत 19 वर्ष निवासी कनौजा थाना गोविन्दगढ़, मनीष कुमार साकेत 22 वर्ष निवासी बरिगवां थाना गोविन्दगढ़, अजीत साकेत 20 वर्ष निवासी कनौजी के रूप में हुई है. उक्त तस्कर नशीली सिरप के परिवहन का काम करते थे और चोरीछिपे उसकी बिक्री कर रहे थे. आरोपी काफी समय से कारोबार में संलिप्त बताए जा रहे है. आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दिया है. थाना प्रभारी अरविंद राठौर ने बताया कि तीन आरोपियों को नशीली सिरप के साथ पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही की गई है.

न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त जसो तहसील नागौद जिला सतना (मध्यप्रदेश)

दिनांक....

1. विश्वानन्द पाठक तनय लालमणि पाठक निवासी ग्राम मढीकला तहसील नागौद जिला सतना (म0प्र0)

बनाम

1. द्रोपती पुत्री बाबूराम पाठक, 2. संगीता पुत्री जगदम्बा प्रसाद पाठक, 3. अखिलेश तनय सतानंद पाठक, 4. पूजा उर्फ मुक्ता पुत्री जगदम्बा पाठक, 5. सीता पुत्री बाबूराम पाठक, 6. रजनीश कुमार तनय सतानंद पाठक, 7. मनमोहन तनय जगदम्बा पाठक 8. पंचवटी पुत्री जगदम्बा पाठक, 9. जुगुलकिशोर तनय बाबूराम पाठक, 10. मेघा पुत्री जगदम्बा पाठक 11. वशिष्ट तनय रामजियावन पाठक, 12. नन्दकिशोर तनय बाबूराम पाठक, 13. बुद्धिदेवी पत्नी जगदम्बा पाठक, 14. रज्जू पाठक तनय बालगोविन्द पाठक, 15. विज्जू पाठक तनय बालगोविन्द पाठक 16. राजेश पाठक तनय बालगोविन्द पाठक, 17. कमला पाठक पुत्री बालगोविन्द पाठक, 18. कविता पाठक पुत्री बालगोविन्द पाठक, 19. सविता पुत्री बालगोविन्द पाठक, 20. संध्या पाठक पुत्री बालगोविन्द पाठक, 21. गुडिया पुत्री सतानंद पाठक 22. रानी पुत्री सतानंद पाठक, 23. पारसनाथ पुत्र जगदम्बा पाठक, 24. पदयुमन तनय जगदम्बा पाठक 25. बेला पत्नी बाबूराम पाठक, 26. कुमादेवी पत्नी सतानंद पाठक, 27. रेनू पुत्री बाबूराम पाठक, 28. मीना उर्फ संयोगिता पुत्री जगदम्बा पाठक, 29. भरत किशोर तनय बाबूराम पाठक, 30. रामानन्द तनय लालमन पाठक, 31. मिथिला पुत्री बाबूराम पाठक 32. बेबी पुत्री बाबूराम पाठक, 33. अजय पुत्र बाकेराम पाठक, 34. अभय पुत्र बाकेराम पाठक, 35. बिक्की पुत्र बाकेराम पाठक सभी निवासी ग्राम मढीकला तहसील नागौद जिला सतना (म0प्र0)

विज्ञप्ति (इश्तहार)

एतद् द्वारा अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्वानन्द पाठक तनय लालमणि पाठक निवासी ग्राम मढीकला तहसील नागौद जिला सतना (म0प्र0) द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के अन्तर्गत ग्राम कठवरिया पटवारी हल्का मढीकला (65) तहसील नागौद जिला सतना स्थित भूमि खसरा क्रमांक 58 रकवा 1.338हे. आवेदक एवं अनावेदकगणों के सहखाते में दर्ज है में से आवेदक द्वारा अपने हक हिस्से का बटवारा चाहा गया है। अनावेदक क्रमांक 1 को छोड़कर शेष अनावेदकगण अभी तक उपस्थित नहीं हुए है। अतः शेष अनावेदकगण पेशी दिनांक 22.05.26 को उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए नियमानुसार खाता विभाजन की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक को 06-05-26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
वृत्त जसो, तहसील नागौद जिला सतना (म.प्र.)

कार्यालय वन मण्डल अधिकारी सीधी, जिला-सीधी (म0प्र0)

कोतवाली रोड, जिला- सीधी 486661 म.प्र. E-mail: dfot.sdh@mp.gov.in Ph.07822-252235

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 4396 / ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 06/05/2026

वन मण्डलाधिकारी वनमण्डल सीधी द्वारा म0प्र0 भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा अवधि 06.05.2026 से 25.05.2026 तक

क्र.	विवरण	सत्यांकर निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1	वृक्षारोपण क्षेत्र हेतु फेंसिंग सामग्री (आर सी सी पोल, कटीला तार, चेनलिंक फेंसिंग) निविदा क्र. 2026_MPFD_502922_1	348,000.00	1000.00

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 06.05.2026 से दिनांक 25.05.2026 तक केवल आनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योर्मेन्ट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लांगू होगी।
- निविदा पूर्व बैठक - यदि लागू हो तो, निविदा पोर्टल दस्तावेज अनुसार
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नही।
- ई-प्रोक्योर्मेन्ट पोर्टल https://mptenders.gov.in

वन मण्डल अधिकारी
सीधी (म0प्र0)

G-12687/26

कार्यालय : जिला शिक्षा केन्द्र (समग्र शिक्षा अभियान), सतना (म0प्र0)

संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के पीछे, धवारी, जतना (म.प्र.)

क्रमांक/जि.शि.के./ईएण्डआर/2026/691 सतना, दिनांक- 04.05.2026

:: विज्ञापन ::

संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र के पत्र क्रमांक/रा.शि.के./ईएण्डआर/एम/2021/3163 भोपाल दिनांक 11.06.2021 के अनुक्रम में समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत संचालित नवीन बालक आवासीय छात्रावास जवाहर नगर सतना में वार्डन एवं साहयक वार्डन पद हेतु निम्न विवरण अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22/05/2026 है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है:-

क्र.	पद	स्वीकृत पद	निर्धारित योग्यता
1.	वार्डन	01	● प्राथमिक / माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक । ● लीड शाला शा0मा0शाला प्रेमनगर वि. खं0 सोहावल के निकट के प्राथमिक/ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक / शिक्षक को प्राथमिकता।
2	सहायक वार्डन	01	● स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक शिक्षक / प्राथमिक शिक्षक । ● न्यूनतम आयु सीमा 35 वर्ष ● स्नातक एवं डीएड/बीएड को प्राथमिकता ● शैक्षणिक पद पर कार्य करने का 10 वर्ष का अनुभव ● विभागीय जांच प्रचलित न हो तथा पूर्व में किसी अनियमितता के कारण दण्डित न हुआ हो। ● बालक की देखभाल करने में सक्षम हो, एवं उनकी पढ़ाई में भी सहायक कर सके। ● छात्रावास में पूर्णकालिक रूप से रहने हेतु सहमत, सेवाभावी एवं सहृदय हों ।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र, सतना (म0प्र0)

Mahatma Gandhi Chitrakoot Gramodaya Vishwavidyalaya

Chitrakoot, Satna (M. P.) 485334

(Established by Madhya Pradesh Govt.)

NAAC - 'A++' Grade and UGC Category - I University

Admission Notice: 2026-27 (According to National Education Policy 2020) Revised - 08/05/2026

Online Applications are invited for admission in the following regular courses of the University through E-SAMARTH Admission Portal.

Ph. D. Programmes: Agriculture: Agronomy, Biochemistry, Agricultural Extension, Horticulture (Vegetable Science), Soil Science, Animal Husbandry and Dairying (LPM); **RDBM:** Business Management, Rural Management; **Science:** Geology, Remote Sensing & Geographic Information System, Mathematics, Physics, Statistics; **Arts:** Hindi, Music, Psychology, Sanskrit, Social Work; **Engineering:** Mechanical Engineering.

Faculty	UG	PG	Diploma/Certificate
Faculty of Agriculture	B.Sc. (Hon's) Agriculture (Admission through PAT entrance exam)	M.Sc. (Ag.) (Agronomy, Biochemistry, Agriculture Extension, Horticulture - Vegetable Science, Soil Science)	
Faculty of Art	B.Lib.I.Sc., B.A. (All Subject), B.A.(Human Consciousness & Yoga Science), B.J.(Bachelor of Journalism), B.S.W., B.F.A. (Painting, Applied Art, Sculpture), B.P.E.S. (Bachelor of Physical Education and Sport), B.P.A. (Bachelor of Performing Art Vocal & Tabla), B.Ed.Spl.Edu.VI, B.A.B.Ed.Spl.Edu.VI	*M.S.W., M.Lib.I.Sc., M.F.A. (Painting, Applied Art, Sculpture), M.J.(Master of Journalism), M.A. (Drawing and Painting), M.A. (Yoga, Hindi, English, Sanskrit, Political Science, History, Sociology, Applied Psychology, Sport Psychology), M.P.A. (Tabla)	**Diploma:** PG Diploma in Yoga & Naturopathy Diploma in Karmkand Diploma in Jyotish Diploma in Vastushastra
Faculty of Science and Env.	B.C.A., B.Sc. (Biotechnology, Botany, Chemistry, Geology, Computer Science, Environment, Mathematics, Physics, Statistics, Zoology)	M.Sc. (Applied Geology, Botany, Computer Science, Environmental Science, Geoinformatics, Industrial Chemistry, Mathematics, Physics, Remote Sensing & Geographic Information System, Zoology)	**Diploma:** DCA PGDCA
Faculty of R D B M	B.Com., B.B.A.	M.Com., M.B.A. (Agri. Business Management, Rural Management)	
Faculty of Eng. & Tech.	B.Tech./B.Tech. Lateral entry in 3rd semester (Food Technology, Agricultural Engineering, Information Technology, Civil Engineering), Integrated B.Tech.-M.Tech. (5yrs) in Computer Science	M.Tech. Computer Science (AI & ML)	
DDUKK	B.Voc. (Food Processing Technology)	M.Voc. (Agriculture Operations and Management, Food Processing Technology)	
Aviation Courses	B.B.A. (Aviation and Hospitality, Airport Management, Aviation Logistic & Cargo Management, Drone AI & Robotics, Aviation Security & Safety, Drone Entrepreneurship & Aerial Services, Drone Technologies), B.Sc. (Aeronautical Science, Aviation Science,)	**Diploma:** Diploma in Cabin Crew, Airport Ground Operations, Drone Operations **Certificate:** ***Three Months***: Airline Ramp Executive, Airline Security Executive, Airport Operation & Terminal Management, Airport Hospitality & Customer Service, Air Cargo Operations & Management, Aviation Security & Safety, Ground Support Equipment, Drone Maintenance & Repair, Drone Surveying, GIS & Smart Infrastructure, Counter-Drone & Anti-UAV Technology; ***Six Months***: Airline Cabin Crew, Airline Customer Service Executive, Airport Safety Crew, Airline Cargo Assistant, Kisan Drone Operator, Drone Manufacturing and Assembly Technician, Drone Service Technician and Maintenance	

➢ **Admission through Entrance Test Organized by State/Central Level Body:** B.Tech. (Information Technology, Food Technology, Civil Engineering, Agriculture Engineering), M.B.A. (Agriculture Business Management, Rural Management), B.Ed., M.Ed., B.El.Ed., B.Sc. (Hon's) Agriculture.

➢ **Admission through NCET:** ITEP Programmes: B.A. B.Ed., B.Com. B.Ed. & B.Sc. B.Ed.

Note - In all the above professional courses, admission will be done through Central/State level entrance body, however, the admission in vacant seats shall be filled by University counselling. Registration is open for vacant seats in B.Tech. & M.B.A.

Important Dates :- Online Application Form link open - 12 May 2026
Last Date of application form submission for UG, PG & Ph. D. - 30 June 2026

Application/Registration Fee	UG, PG & Diploma	Ph. D.
• For General/OBC Candidates	₹ 600/-	₹ 1000/-
• For SC/ST Candidates of MP and all Female candidates of all States	₹ 300/-	₹ 500/-

Date of Entrance Examination for M. Sc. (Ag.) and Ph.D. - 15 July 2026, **Place:** University Campus, Chitrakoot

Instructions:-

- Candidates can submit application form through **E-SAMARTH Admission Portal (https://gramodayachitrakoot.samarth.edu.in)** and making the payment through credit/debit card or by net banking. The facility of online form filling is also available at Student Help-Desk in the University campus.
- For admission in different courses instructions, eligibility, fees etc are available in the Admission Prospectus 2026-27 in University website (**www.gramodayachitrakoot.ac.in**).
- *Eligibility for M.S.W. (50% marks in UG; B.F.A. and B.Voc. course students are not eligible for admission in M.S.W.)
- Admission in PG courses will be done as per Common University Entrance Test **(CUET) 2026** and as per direct University admission process.
- It's mandatory to complete the document verification process just after the registration online or offline at University campus for further admission process.
- For any query students are free to contact on 07670-265394 or through E-Mail - helpdesk@gramodayachitrakoot.ac.in.

Registrar